गुजरात में साक्षरता मिशन का कार्यान्वित किया जाना

3427. श्री राम सिंह राठवा : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) साक्षरता मिशन की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं;

(ख) क्या गुजरात में सूरत और बड़ोदरा में साक्षरता मिशन के अधीन किए गए कार्य और इस संबंध में दिए गए अनुदान की कोई समीक्षा की गई है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) 15 से 35 आयु वर्ग में 8 करोड़ प्रौढ़ शिक्षार्थियों को वर्ष 1995 तक कार्यात्मक साक्षरता प्रदान करने के उद्देश्य से मई, 1988 में आरंभ किए गए राष्ट्रीय साक्षरता मिशन का मुख्य तत्व यह है कि यह एक सामाजिक मिशन है, जिसकी सफलता सामाजिक गतिशीलता सम्भावित लाभ-ग्राहियों, साक्षरता कार्यकर्ताओं और सम्पूर्ण समुदाय की सक्रिय भागेदारी पर निर्भर करती है।

(ख) और (ग) सरदार पटेल अर्थशास्त्र एवं सामाजिक अनुसंधान संस्थान अहमदाबाद ने बड़ोदरा और सूरत के जिलों को शामिल करके, राज्य के 19 जिलों में मूल्यांकन अध्ययन किया। इस उद्देश्य के लिए 2.50 लाख रुपए का अनुदान जारी किया गया।

प्रौढ़ शिक्षार्थियों के यादृच्छिक (बेतर-तीब) नमूना आधार पर किए गए मूल्यांकन के आधार पर, इस अध्ययन की मुख्य अपलब्धियां निम्न हैं :-

(i) साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत यदि 60% से अधिक निरक्षरों (प्रौढ़ निरक्षरों) ने पठन तथा लेखन दक्षता हासिल कर ली है तो अंक ज्ञान में दक्षता हासिल करने वाले निरक्षरों की प्रतिशतता में 18.23% से 66.31% तक की विभिन्नता है।

(ii) जबकि गुजरात विद्यापीठ द्वारा राज्य में आरंभ किया गया विशाल साक्षरता अभियान पूर्णत: सफल नहीं हुआ पर यदि उचित कार्यान्वयन और अनुवीक्षण और साथ ही समवर्ती मूल्यांकन संबंधी नीतियों की सुनिश्चित व्यवस्था की जाए तो इस अभियान से चहुंमुखी सफलता की संभावनाओं का पता चलता है।

Setting up of Establishment Committee for Kendriya Vidyalayas

3428. SHRI SARADA MOHANTY: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether an Establishment Committee was set up by the Commissioner, Kendriya Vidyalaya Sangathan in March, 1991;

(b) if so, what is its jurisdiction, and areas of assigned work as also its composition;

(c) whether the transfers ordered at the instance of the Chairman, of Kendriya Vidyalaya Sangathan during the current year had been processed and found to be conforming to Transfer Guidelines; and

(d) if so, the details thereof and number of cases cleared by the said Committee ?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH); <a) Yes, Sir.

(b) to (d) The Establishment Committee consists of Deputy Commissioner (Acad.), Deputy Commissioner (Admn.), Deputy Commissioner (Pers.) and Education Officer as co-opted member to expedite the work relating to transfers and posting of teachers. The review of the transfers, ordered by the Chairman, Kendriya Vidyalaya Sangathan, under his discretionary powers, on extreme compassionate considerations or administrative exigency, does not fall under the purview of this Committee.